हम आये है तेरे द्वार

हम आये है तेरे द्वार गिरजा के ललना ,
हो देवो के सरदार गिरजा के ललना ,
करने दीदार दीदार दीदार दीदार गिरजा के ललना ,
अरे दे ताली दे ताली नाचे रे सब भक्त तेरे अंगना,
हम आये हैं तेरे द्वार....

लंबोदर गजबदन गजानन, लाये खुशहाली,
महक उठे वन उपवन खेतन, आई हरियाली,
अरे झूम झूम के भगता तेरी करते वंदना,
अरे दे ताली दे ताली,
हम आये हैं....

तीजा रही उपासी गौरा, सह के कठिन कलेश
लगत चौथ चंदा के नाईं, पूजे गौर गणेश
अरे लालन बनके महा शक्ति के,झूले झूलना
अरे दे ताली,
हम आये हैं ....

घर घर मे तुम आये गणपति, हो रही जै जैकार
ये बेनाम खड़ा कर जोरे, ले फूलन के हार
अपने इस संदीप को गणपति, दाता न भूलना
अरे दे ताली ,
हम आये हैं तेरे....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18544/title/hum-aaye-hai-tere-dwar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |